दिनांक 15.11.2025 | **रायबरेली पुलिस** | थाना लालगंज

# 03 बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**संक्षिप्त विवरण:-** दिनांक 14 नवंबर 2025 की रात्रि को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहाई चौकी के आगे डलमऊ रोड पर चेकिंग की जा रही थी, तभी सामने से एक मोटरसाइकिल जिस पर तीन व्यक्ति सवार आते दिखाई दिए पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल अम्बरा पश्चिम मोड़ की तरफ मोड़कर भागने लगे कि मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। जिसमें पुलिस द्वारा दो व्यक्ति 1.चिंटू पुत्र मनोहर शाह निवासी फौजदारी बाजार थाना कासिम बाजार जनपद मुंगेर बिहार , 2.करन उर्फ अमन कुमार पुत्र कामदेव शाह निवासी ठठेरी टोला थाना सबोर जिला भागलपुर बिहार को मौके से पकड़ लिया गया तथा तीसरा व्यक्ति रितिक पुत्र दीपक शाह निवासी फौजदारी बाजार थाना कासिमबाजार जनपद मुंगेर बिहार द्वारा भागने का प्रयास किया गया तथा अपने को पुलिस द्वारा घिरता देख पुलिस पर फायर कर दिया जिस पर पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में **रितिक उपरोक्त के बाएं पैर में गोली लगी है।** रितिक उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक मिस कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। घायल रितिक उपरोक्त को पुलिस द्वारा तत्काल उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया है। जहां पर इलाजरत है। अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

मुठभेड में पुलिस टीम का कोई सदस्य घायल नही हुआ है।

**बरामदगी-**

01 अदद मोटरसाइकिल घटना में प्रयुक्त (UP93AM6391)

01 अदद तमंचा 315 बोर

01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर

01 अदद मिस कारतूस 315

01 जोड़ी कान का झाला लटकन सहित पीली धातु

21000 रुपए नकद

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1.चिंटू पुत्र मनोहर शाह निवासी फौजदारी बाजार थाना कासिम बाजार जनपद मुंगेर बिहार ,

2.करन उर्फ अमन कुमार पुत्र कामदेव शाह निवासी ठठेरी टोला थाना सबोर जिला भागलपुर बिहार

3.रितिक पुत्र दीपक शाह निवासी फौजदारी बाजार थाना कासिमबाजार जनपद मुंगेर बिहार (बांए पैर में गोली लगी है)

**मीडिया सेल रायबरेली**